अपर मुख्य सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 18.06.2021 को मध्यान्ह् 12.00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट की प्रगति के सम्बन्ध में स्थानीय निकाय निदेशालय में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

उपस्थितिः—

1. निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
3. अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी0, सूडा।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, लाइट हाऊस प्रोजेक्ट—लखनऊ, मै0 जैम सस्टेनेबल।
5. साइट इंजीनियर, लाइट हाऊस प्रोजेक्ट—लखनऊ, मै0 जैम सस्टेनेबल।

वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उपस्थितिः—

1. प्रोजेक्ट हेड, लाइट हाऊस प्रोजेक्ट—लखनऊ, मै0 जैम सस्टेनेबल।
2. प्रबन्धक, मै0 विजक्राफ्ट इन्टरनेशनल एन्टरटेनमेन्ट प्रा0लि0।

सर्वप्रथम निदेशक, सूडा द्वारा अपर मुख्य सचिव महोदय को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत निर्मित हो रहे लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन बी0एम0टी0पी0सी0 की देखरेख में मै0 जैम सस्टेनेबल हाऊसिंग द्वारा किया जा रहा है, जिसकी कुल लागत रू0 130.90 करोड़ है। इस परियोजना में 4 ब्लाकों में 34.50 वर्गमी0 कारपेट क्षेत्रफल के 1040 आवासों का निर्माण किया जायेगा। इस परियोजना का शिलान्यास मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 01.01.2021 को किया गया था तथा इसको 31.12.2021 तक पूर्ण किया जाना है।

1. अवगत कराया गया कि परियोजना में फाउण्डेशन का कार्य 85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा सभी ब्लाकों में प्लिन्थ बीम का कार्य प्रगति पर है। परियोजना की यह प्रगति अद्यतन लक्ष्य से लगभग 45 दिवस विलम्ब है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि इस विलम्ब को माह अक्टूबर तक पूर्ण कराये जाने हेतु कार्य योजना तैयार की जाये। यह भी निर्देश दिये गये कि विलम्ब के बाद भी परियोजना को 31.12.2021 तक पूर्ण किये जाने हेतु संशोधित बार चार्ट एक सप्ताह के अन्दर मै0 जैम सस्टेनेबल हाऊसिंग द्वारा उपलब्ध कराया जाये।

2. निर्देश दिये गये कि परियोजना को लक्षित समय—सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु मै0 जैम सस्टेनेबल हाऊसिंग द्वारा माहवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य तैयार करते हुए उनके अनुसार परियोजना में प्रगति सुनिश्चित की जाये।

3. अवगत कराया गया कि परियोजना में आवंटन किये जाने हेतु पंजीकरण खोले गये हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 15.07.2021 तक बढ़ा दी गयी है तथा अभी तक 830 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह भी अवगत कराया गया कि उक्त के प्रचार—प्रसार हेतु रेडियों पर जिंगल चलाया जा रहा है तथा विभिन्न स्थानों पर पैम्फलेट बाँटे गये हैं। निर्देश दिये गये कि आवंटन की प्रक्रिया को माह जुलाई के अन्त तक पूर्ण किये जाने हेतु प्रयास किये जाये।

4. परियोजना के प्रचार—प्रसार को बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि सूडा द्वारा हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में शनिवार एवं रविवार को विज्ञापन प्रकाशित किया जाये। साथ ही मै0 जैम सस्टेनेबल हाऊसिंग को निर्देश दिये गये कि वह परियोजना से सम्बन्धित होर्डिंग्स परियोजना स्थल के समीप तथा शहीद पथ पर विभिन्न जगहों पर लगाये जाये।

5. मै0 विजक्राफ्ट के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना के प्रचार–प्रसार हेतु परियोजना स्थल पर एक हॉटएअर बैलून लगाया जायेगा। इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उक्त के अतिरिक्त लखनऊ के विभिन्न शॉपिंग माल्स/रेलवे स्टेशन इत्यादि में भी इसका विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार किया जाये।

6. अवगत कराया गया कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 25.06.2021 को प्रातः 11.00 बजे परियोजना की प्रगति की समीक्षा निम्नानुसार दो भागों में किया जाना प्रस्तावित हैः–

- ऑन साइट रिव्यू – ड्रोन द्वारा परियोजना की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण।
- ऑफ साइट रिव्यू – वीडियो फिल्म द्वारा फैक्ट्री/कास्टिंग यार्ड में निर्मित किये जा रहे भागों का निरीक्षण।

इस सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि कार्यक्रम हेतु भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में मै0 जैम सस्टेनेबल हाऊसिंग द्वारा इंटरनेट लीज लाइन की व्यवस्था की जायेगी। कार्यक्रम के प्रसारण तथा वीडियोग्राफी से सम्बन्धित समस्त व्यवस्था मै0 विजक्राफ्ट द्वारा की जायेगी, जिस हेतु मै0 जैम सस्टेनेबल हाऊसिंग द्वारा सभी वांछित सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। सूडा को निर्देश दिये गये कि कार्यक्रम में ड्रोन संचालित करने के लिए लखनऊ पुलिस से अनापत्ति/अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक सूडा

पत्रांकः–593/08/29/HFA-AHP/LHP/2021–22 दिनांकः–22 जून, 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रोजेक्ट हेड, लाइट हाऊस प्रोजेक्ट–लखनऊ, मै0 जैम सस्टेनेबल।
4. प्रबन्धक, मै0 विजक्राफ्ट इन्टरनेशनल एन्टरटेनमेन्ट प्रा0लि0।

22/6/2021

(उमेश प्रताप सिंह)
निदेशक सूडा